हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

13 शहर व ग्रामीण क्षेत्र में दो दिनों तक मनाई गई...



14 जंगलों को आग से बचाने गांवों में निकली बाइक...





## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री साव आज कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**पलारी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री



अरुण साव रविवार को ग्राम पंचायत दतान में नव निर्मित मंगल भवन साहू समाज के लोकार्पण में शामिल होंगे। इसके बाद ग्राम पंचायत देवसुंदरा में साहू समाज द्वारा आयोजित आदर्श विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर 28 नव दाम्पतियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

### बिना ओटीपी और ई-केवाईसी के नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर

पलारी। सिलेंडर गैस के उपभोक्ताओं के लिए नया नियम तहत बिना ओटीपी व ई केवाईसी के सिलेंडर नहीं मिलेगा। वहीं प्रत्येक 7 रिफिल लेने के बाद ई केवायसी सब्सिडी के लिए अनिवार्य कर दिया गया हैं। यदि ई केवाईसी नहीं कराते हैं, तो आपको सब्सिडी नहीं मिलेगी। सब्सिडी के लिए ई केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। चुकी साल में 12 सिलेंडर पर ही सब्सिडी मिलती हैं। नगर पलारी के गैस वितरक भैय्या राम ध्रुव ने बताया कि बिना ई केवाईसी हुए उपभोक्ता को और बिना मोबाइल के गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा। मोबाइल पास नहीं होने पर जो नंबर रजिस्ट्रेशन है, उसमें कॉल कर ओटीपी आये एसएमएस को पूर्ण भेजना या दिखाना होगा, जिससे की कंज्यूमर नंबर मैच करने में सुविधा व कस्टमर को सब्सिडी लेने में सुविधा होगी। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि गैस लेने से पहले ओटीपी निकालकर ही आये, या तुरंत ओटीपी निकालकर दें, दिन बाद ओटीपी मान्य नहीं रहेगा, इसका भी ध्यान उपभोक्ता को रखना होगा।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। बसना पुलिस को हर्ष चंद्राकर निवासी ग्राम फरफौद ने बताया कि 27 फरवरी की शाम करीबन 07.20 बजे अपने मोटर सायकल होंडा शाइन क्रमांक सीजी 04 एलयू 2984 में अपने साथी भागवत यादव के साथ अपने काम से ग्राम गढ़पटनी जा रहा था, टाइल्स गोदाम के पास सामने से आ रही सफेद रंग का रेनाल्ट ट्राईबर क्रमांक सीजी 04 एमवी 5981 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चला कर उसकी मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, घटना में भागवत यादव के दाहिना पैर, घुटने के पास चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### भतीजे ने चाचा के साथ मारपीट की

**महासमुंद।** गाली गलौज करने से मना करने पर एक युवक ने अपने चाचा के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सांकरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को



देवारचंद भोई पिता साहबो भोई (55 साल) सल्डीह थाना सांकरा ने बताया कि 7 मार्च को 11 बजे वह अपने घर में था, तभी भतीजा मथामणी भोई अपने घर के सामने गाली-गलौज कर रहा था, जिसे उसके द्वारा मना किया गया। आरोपी ने गाली गलौज कर डंडे से प्रार्थी के सिर में मार दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# द्वितीय किस्त जारी कर पीएम आवास अप्रैल तक पूरा कराने के निर्देश

**कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को जिला पंचायत सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन एवं अप्रारम्भ आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में योजनाओं, निर्माण कार्यों सहित रोजगार सृजन पर विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि द्वितीय किश्त जारी हुए आवासों को अप्रैल तक पूरा कराने 15-15 दिन की प्रगति रिपोर्ट बनाएं। विकासखंड समन्वयक एवं तकनीकी सहायक आपसी समन्वय एवं फील्ड विजिट करें। कहीं पर दिक्कत हो तो सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक की भी सहयोग लें। हितग्राहियों के पलायन के कारण अप्रारम्भ आवासों को शुरू करने के लिये हितग्राहियों से संपर्क करने कहा। इसी तरह मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवासों को भी तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत पंचायतों में कम से कम 2 काम स्वीकृत कर जल संरक्षण के कार्य कराने कहा। हैंडपम्प, टेप नल के पास सोखता गड्ढा का निर्माण एवं सभी पीएम आवास व सरकारी भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित जनपद सीईओ, मनरेगा पीओ, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, तकनीकी सहायक उपस्थित थे।




### सीमेंट का कूड़ादान निर्माण के भी निर्देश

उन्होंने तालाब व डबरी निर्माण के काम जल्द शुरू करने के साथ ही डबरी निर्माण में उपयुक्त स्थल का चयन करने के निर्देश दिये ताकि पानी का ठहराव हो। इसी तरह सामुदायिक तालाब निर्माण से पूर्व ग्राम सभा में प्रस्ताव पर चर्चा कर स्थल चयन करने कहा। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिये ऋण राशि एवं आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। मनरेगा में भी महिलाओं की अधिक भागीदारी पर जोर दिये। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में समूह की महिलाओं द्वारा कचरा कलेक्शन के कार्य को सक्रिय करने, यूजर चार्ज का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने कहा। गांव को साफ सुथरा रखने टीम फील्ड विजिट करें और लोगों को जागरूक करें। उन्होंने गिरौदपुरी धाम में पूरे मेला परिसर में स्थायी डस्ट बीन की सुविधा हेतु सीमेंट का कूड़ादान निर्माण के भी निर्देश दिये।

**समारोह में जिला एवं सत्र न्यायालय में महिला न्यायिक अधिकारियों, न्यायिक कर्मचारियों का सम्मान**

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मात्र कैलेंडर का एक दिन नहीं, यह वैश्विक आंदोलन है : न्यायाधीश कुरैशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में महिला न्यायिक अधिकारियों, न्यायिक कर्मचारियों का 7 मार्च को सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने कहा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 'मात्र कलेंडर का एक दिन नहीं है, यह एक वैश्विक आंदोलन है' जो महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाता है और लैंगिक समानता को रेखांकित करता है, महिला दिवस एक उत्सव होने के साथ-साथ कार्यवाही का आह्वान भी है। यह आर्थिक, सशक्तिकरण से लेकर हिंसा के अनुमोदन तक महिला दिवस के महत्व पर जोर देता है और साथ ही एकता को भी प्रोत्साहित करता है।

महिला सम्मान समारोह का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय राजभान सिंह, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गिरीश पाल सिंह, महिला कर्मचारियों की उपाध्यक्ष दीपा नायक द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसमें तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विवेक गर्ग, विशेष न्यायाधीश (एफटीसी) पॉक्सो न्यायालय गिर्जेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ न्यायाधीश प्रशांत भास्कर, कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश पूजा चन्द्रा एवं माला यादव उपस्थित रहे हैं। आयोजन समारोह का मंच संचालन कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश सारिका नंदे के द्वारा किया गया। सम्मान समारोह में समस्त महिला कर्मचारियों एवं अधिकारियों ▶▶ शेष पेज 13 पर







### लैंगिक समानता के लिए सहयोग और समर्थन का दिया संदेश

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार अमिता जायसवाल के द्वारा बताया गया है कि हमें यह सोचना है कि लैंगिक समानता हासिल करने के लिए आप क्या योगदान देंगे? हम सभी महिलाओं और लड़कियों की प्रगति के लिए अपना समर्थन दे सकते हैं। एक व्यक्ति के रूप में, समर्थन देने का अर्थ है, रूढ़ियों को उजागर करना, भेदभाव को चुनौती देना, पूर्वाग्रह पर प्रश्न करना, महिलाओं के साथ अपना ज्ञान और प्रोत्साहन करना, लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से अपना समर्थन करना और इस भावनाओं को मजबूत करना। 'जब हम देते हैं, तो हमें मिलता है' आइये, 'भरपूर दान के माध्यम से लैंगिक समानता का बढ़ावा देने के लिए मदद करें' इस संकल्प के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ जिला न्यायालय बलौदाबाजार में बनाया गया।

### शिक्षा, समानता और सशक्तिकरण का लिया संकल्प

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का लक्ष्य शिक्षा, स्वास्थ्य, नेतृत्व और वेतन समानता में लैंगिक समानता को गति देना है। महिलाओं के पांच सबसे महत्वपूर्ण अधिकार, शिक्षा का अधिकार, समान वेतन का अधिकार, स्वास्थ्य सेवा का अधिकार, लैंगिक उत्पीड़न से मुक्त कार्य के लिए सुरक्षित वातावरण सम्पत्ति का अधिकार है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम 'गिव टू गेन' अभियान उदारता और सहयोग की मानसिकता को प्रोत्साहित करता है साथ ही पारस्परिक सहयोग और समर्थन की शक्ति पर बल देता है। जब महिला समृद्ध होती है तो समाज का भी उत्थान होता है।

### विधिक जागरूकता कार्यशाला हुई

अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के निर्देशन में अमिता जायसवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में महिला न्यायिक अधिकारियों, न्यायिक कर्मचारियों के सम्मान में सम्मान समारोह एवं विधिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन बलौदाबाजार न्यायालय परिसर में किया गया।

# युवक पर चाकू से हमला, तीन गिरफ्तार जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मोटरसाइकिल ठीक से चलाने की बात को लेकर ग्राम करमदा में विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। मारपीट करने वाले फरार 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से वारकर गंभीर चोट पहुंचायी गई।



प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि 4 मार्च को आहत कुशल ध्रुव अपने दोस्तों के साथ होली मनाकर पैदल घर जा रहा था। इसी बीच बाजार चौक के पास आरोपी विकास ध्रुव, राहुल, टिकेश्वर एवं अन्य लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए उसके पास आए, जिस पर आहत कुशल ध्रुव द्वारा मोटरसाइकिल को ठीक से चलाओ कहने पर आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गाली गलौज कर मारपीट की गई। वह अपने पास रखे चाकू से आहत पर गंभीर वार किया गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(2) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा 1 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन घटना में शामिल अन्य आरोपी फरार थे।

### आरोपी ने जुर्म करना स्वीकार किया

ग्राम करमदा में चाकूबाजी की घटना को अंजाम देने वाले फरार अन्य आरोपियों को भी तत्काल गिरफ्तार करने थाना सिटी कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई और 2 अन्य फरार आरोपी राहुल उर्फ रामदास मानिकपुरी 18 वर्ष और टिकेश्वर लसेल 19 वर्ष निवासी ग्राम करमदा थाना सिटी कोतवाली को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा आहत कुशल ध्रुव के साथ मारपीट करते हुए, उसे चाकू से वारकर गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया। प्रकरण में दोनों आरोपी को 7 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। अब तक कुल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# अंचल में बच्चा चोरी की अफवाह, संदेह पर ग्रामीणों ने विक्षिप्त महिला को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

लवन के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बच्चा चोरी की अफवाह तेजी से फैल रही है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। शुक्रवार सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत बरदा में अफवाह के कारण मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को ग्रामीणों ने बच्चा चोर समझकर घेर लिया। ग्रामीणों के शक के आधार पर महिला को काफी देर तक रोक कर रखा गया। महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त होने के कारण अपनी सही जानकारी नहीं दे



पा रही थी, जिससे लोगों का शक और बढ़ गया और मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जुट गए। इसके बाद गांव वाले महिला को पकड़कर लवन थाना लाया। जिसकी पहचान नजदीकी गांव धाराशिव की विछिप्त महिला के रूप में की गई। जिसे उसके परिवार वालों को बुलाकर उनके सुपुर्द किया गया।

इधर, बच्चा चोरी की अफवाह के कारण लवन क्षेत्र के लोग चिंतित और सतर्क नजर आ रहे हैं। वहीं लवन थाना प्रभारी शशांक सिंह ने किसी भी अफवाह से बचते हुए लोगों को धैर्य रखते हुए किसी भी घटना की सूचना थाना में दें।

# हत्या की कोशिश के दोषी को 4 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

थाना भाटापारा शहर क्षेत्र के महासती वार्ड में शराब पीने पैसों की मांग करने व नहीं देने पर चाकू से वार कर हत्या करने के आशय से हमला करने के आरोपी धनंजय घृतलहरे को अपर सत्र न्यायालय भाटापारा के अतिरिक्त न्यायाधीश अशोक कुमार लाल ने 4 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2000 रुपये आर्थिक दण्ड से दंडित किया।

अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव से मिली जानकारी अनुसार पिछले वर्ष 21 फरवरी को श्याम कुर्रे नामक व्यक्ति अपने अन्य साथियों के साथ कैटरिंग का काम करने ग्राम अर्जुनी गया था तथा काम करने



के बाद 22 फरवरी की रात एक बजे घर वापस आया, उसी समय मोहल्ले का आरोपी धनंजय आया और श्याम कुर्रे से शराब पीने के लिए जबरन पैसा की मांग करने लगा, तब श्याम कुर्रे ने पैसा देने से इंकार कर दिया तो जान से मारने की धमकी देते हुए अपने कमर में छुपाकर रखे चाकू से श्याम कुर्रे को चोंट पहुंचाया, जिससे श्याम कुर्रे को गंभीर चोटें कारित हुई। आहत श्याम कुर्रे के भाई की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापाटा शहर में अपराध पंजीबद्ध कर सहायक उप निरीक्षक महेंद्र जोगी द्वारा विवेचना में मुलाहिजा, जब्ती, गवाहों के कथन लेखबद्ध करने के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### 2000 रुपए अर्थदंड


न्यायालय के समक्ष अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने आरोपी को इस आपराध के लिए कठोर दंड से दंडित किये जाने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायालय भाटापारा के अतिरिक्त न्यायाधीश अशोक कुमार लाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों के परिशीलन से अपराध सिद्ध होने पर आहत को चाकू से उसके गले, पेट, कंधे, ठुड्डी में मारकर हत्या का प्रयत्न करने वाले आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत चार वर्ष का कठोर कारावास एवं 2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

**सामाजिक बैठक में हथबंद परिक्षेत्र के सामाजिक सदस्य शामिल हुए**

# साहू समाज ने होली मिलन में दिया एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

सिमगा तहसील अंतर्गत साहू समाज हथबंद परिक्षेत्र द्वारा हाल ही में होली पर होली मिलन समारोह एवं सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा समाज के वरिष्ठजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में आपसी भाईचारा, एकता एवं संगठन को मजबूत बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सामाजिक एकता, शिक्षा के महत्व, युवाओं की भागीदारी तथा समाज के विकास से





जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, आपसी सहयोग और संगठन की मजबूती बेहद आवश्यक है। सभी को मिल-जुलकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक सशक्त और संगठित समाज मिल सके।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम समाज को एक मंच पर लाने का कार्य करते हैं। इससे समाज के लोगों के बीच आपसी संवाद बढ़ता है और नई पीढ़ी को समाज की परंपराओं और मूल्यों को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से शिक्षा एवं सामाजिक विकास के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष संध्या साहू, जिला महिला संगठन सचिव अनुपा साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष बाबूलाल साहू, तहसील अध्यक्ष रामनाथ साहू, भाटापारा नगर अध्यक्ष राजेश साहू, तहसील उपाध्यक्ष भुवन लाल साहू, तहसील सचिव धनेश्वर साहू, बिसाहू साहू, नेतराम साहू, दामाखेड़ा परिक्षेत्र अध्यक्ष मानधाता साहू, सिमगा ग्रामीण परिक्षेत्र अध्यक्ष शेषनारायण साहू, हथबंद परिक्षेत्र अध्यक्ष कुंजाराम साहू, तहसील उपाध्यक्ष सावित्री साहू, चंद्रकला साहू, सिमगा ग्रामीण ▶▶ शेष पेज 13 पर

# पूर्व मंत्री डहरिया का गिधौरी में हुआ जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया का गिधौरी में कार्यकर्ताओं ने फूल माला एवं गमछा भेंट कर जोरदार स्वागत किया। ज्ञात हो कि श्री डहरिया सक्ती जिला प्रवास पर थे। इस दरमियान कार्यकर्ताओं ने गिधौरी बस स्टैंड चौक में उनका स्वागत किया। वे कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए एवं क्षेत्रीय समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पामगढ़ के अध्यक्ष नवल सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनाखान युधिष्ठिर नायक, प्रदेश सचिव संदीप अग्रवाल, प्रदेश सचिव राम शंकर साहू वरिष्ठ कांग्रेस नेता हेमंत दुबे, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष हर प्रसाद साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भुरवाराम गोड, भागवत मुरैना, जगन्नाथ प्रसाद केशरवानी, बरसाती साहू, गोपाल चतुर्वेदी, डॉ. राजेंद्र गुप्ता, दिलहरण साहू, राजू अग्रवाल, भूषण बघेल, पिंटू धीवर, पिंटू निर्मलकर, शैलेंद्र देवांगन के अलावा लगभग सैकड़ों कार्यकर्ता गिधौरी में उपस्थित होकर भेंट मुलाकात कर स्वागत किए।

# नानक सागर में 15 मार्च को होला महल्ला, गुरुद्वारा निर्माण का होगा भूमिपूजन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

नगर से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित नानक सागर में 15 मार्च को होला महल्ला का भव्य आयोजन नानक सागर गुरुद्वारा समिति द्वारा किया जाएगा। इसी दिन प्रस्तावित गुरुद्वारा निर्माण के लिए भूमिपूजन अरदास भी की जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शामिल होने की सहमति मिल चुकी है।

गढ़फुलझर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह हरजू ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीगुरुनानक देवजी के ऐतिहासिक स्थल नानक सागर में इस वर्ष होला महल्ला का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भव्य गुरुद्वारा, अस्पताल एवं यात्री निवास निर्माण के लिए भूमिपूजन अरदास भी संपन्न होगी।

कार्यक्रम के तहत 15 मार्च की सुबह 9 बजे 13 जनवरी से प्रारंभ श्रीअखंड पाठ की समाप्ति होगी। इसके बाद अलौकिक कीर्तन समागम का आयोजन किया जाएगा। लंगर प्रसाद के पश्चात दोपहर करीब 2 बजे भूमि पूजन के लिए अरदास की जाएगी।



दोपहर 3 बजे से पंजाब के डेरा चरणबाग गोइंदवाल के सेवादार बाबा सुबेग सिंह की उपस्थिति में गतका प्रदर्शन, फूलों की होली तथा पारंपरिक खेलों का आयोजन होगा। इसमें कबड्डी, कुश्ती, घुड़सवारी, रस्साकशी सहित कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

आयोजकों ने बताया कि गुरु की पावन भूमि पर गुरुद्वारा निर्माण की शुरुआत और होला महल्ला के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। इसी को देखते हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

होला महल्ला कार्यक्रम की तैयारियों और जिले भर की सिख समितियों व प्रमुख जनों को आमंत्रित करने के लिए दिल्ली से देवेंद्र सिंह आनंद, रिंकू ओबेरॉय, हरदीप सिंह, दविंद्र सिंह, जोगिंदर सिंह, सरायपाली के रोमी सलूजा, बसना के जसवंत सिंह सलूजा, मुखविंदर सिंह रंधावा, हरपाल सिंह ओबेरॉय, जोरावर सिंह, शिवरीनारायण के गुलजीत सिंह गांधी तथा सारंगढ़ के सोनू छाबड़ा विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाया रंगों का पर्व, युवाओं में उत्साह

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में होली का त्यौहार बुधवार को धूमधाम से मनाया। बच्चों ने जमकर होली खेली। इस मौके पर लोगों ने मनमुटाव भुलाकर एक दूसरे को गले लगाया। सुबह से ही लोग मित्रों, रिश्तेदारों के यहां पहुंच गए और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का उल्लास मनाया। बड़े-बुजुर्गों को रंग गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया।

### सोनई रूपई मंदिर में नवरात्र की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में चैत्र नवरात्र पर्व पर माता सोनई रूपई मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। 19 मार्च घट स्थापना श्री शैलपुत्री, बेदी पूजन प्रातः 11.36 से 12.24 बजे तक, 23 मार्च को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन 8 बजे से, 26 मार्च महागौरी पूजन कार्यक्रम शाम 4 बजे होगा। उक्त जानकारी सुभाष शर्मा, होरीलाल साहू, कमलेश कुमार ध्रुवंशी, गजेंद्र साहू ने दी।

### निजी स्कूलों का शिक्षा विभाग के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिलों के निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा विभाग के निर्देशों और पत्राचार का जवाब देकर शासन के प्रति असहयोग जताते हुए आंदोलन किया जा रहा है। संघ की 4 मार्च को आयोजित प्रांतीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों की क्षतिपूर्ति राशि वर्ष 2000 से अब तक नहीं बढ़ाई गई है। वहीं फीस वृद्धि से संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भी क्षतिपूर्ति राशि में बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसी के विरोध में शिक्षा विभाग के साथ असहयोग करने का निर्णय लिया गया है। महासमुंद जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सहित जिले के निजी विद्यालय भी इस आंदोलन में शामिल हो गए हैं। इस संबंध में जानकारी जिला अध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे तथा ब्लॉक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी।



### बरबसपुर में त्रिदिवसीय सत्संग समारोह शुरू

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर जैतखाम चौक में 6 मार्च शुक्रवार को शाम 5 बजे सतनामी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा संत गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर त्रिदिवसिय अखंड नमायण का शुभारंभ किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजक समिति के सदस्य महेंद्रप्रताप सोनवानी, जयलाल ढीढी, भूपेंद्र सोनवानी, सुखचंद सोनवानी, प्रदीप बघेल ने बताया कि आसपास के और दूसरे जिले सत्संग मंडली द्वारा नमायण समारोह में सत्संग प्रस्तुत की जा रही है।

## विचार : एआई के प्रयोग से शोध में नई संभावनाएं : डॉ देवेंद्र चाफेकर

# शोध में आधुनिकता के साथ लोक परंपराओं को जीवित रखना अनिवार्य : डॉ अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में पांच दिवसीय विद्यार्थी शोधशाला का आयोजन एस्पेक्ट्स ऑफ रिसर्च मेथोडोलॉजी : टूल्स, ट्रेंड्स, एंड टेक्निक्स विषय में आयोजित है। कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास, सहायक समन्वयक डॉ ई पी चेलक विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, आयोजक सचीव डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, रूसा प्रभारी प्रियंका सोनवानी, विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि जागृत करना है। शुक्रवार को द्वितीय दिवस प्रथम सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ मालती तिवारी शोध निर्देशक, राजनीति विज्ञान ने अपने उद्बोधन में अनुसंधान का संचालन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमें शोध करने के लिए जिस विषय में हम करना चाहते है उस विषय के बारे में सही जानकारी होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि शोध से किसी विषय के बारे में नई जानकारी मिलती है। शोध से समस्याओं को समझने और उनके समाधान खोजने में मदद करता है। शोध से ज्ञान का विकास होता है। समाज, शिक्षा और विज्ञान के विकास में शोध का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह किसी विषय को गहराई से समझने का अवसर देता है। साथ ही डीआरसी, आरडीसी एवं पीएचडी साक्षात्कार परीक्षा के बारे में अवगत कराया।

द्वितीय सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद ने शोध पत्र लेखन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान युग वैज्ञानिक युग है उस वैज्ञानिक युग में अनुसंधान, अन्वेषण, खोज, रिसर्च, शोध एक महत्वपूर्ण कारक है जो समाज को एक विकसित समाज के रूप में स्थापित करता है एवं देश के विकास में अनुसंधान का ही अधिक योगदान है। अनुसंधान का आशय संधान करना है। उन्होंने अनुसंधान के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनुसंधान को परिभाषित करते हुए, समाज में अनुसंधान की भूमिका को बताया गया और इस युग को अनुसंधान युग कहा।

इस कार्यक्रम में डॉ दुर्गावती भारतीय, अजय कुमार राजा, प्रदीप कन्हेर, डॉ अजय कुमार देवांगन, मनबोध चौहान, दिलीप बढ़ई, आशुतोष पुरी गोस्वामी, दिलीप लहरे, मुकेश साहू, डॉ जीवनलाल चंद्राकर, डॉ गरिमा दीवान डॉक्टर जागृति चंद्राकर, मृणाली चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, नम्रता तंबोली, प्रकाशमणि साहू, डॉ भूपेश पात्रा, डॉ कलम रेखा, रेणुका साहू, कल्याणी साहू, रोहित ढीमर, राकेश जांगड़े। इस कार्यक्रम का संचालन विजय मिर्चे एवं डॉ गरिमा दीवान और आभार प्रदर्शन डॉ मालती तिवारी एवं प्रियंका सोनवानी द्वारा किया गया।



### एआई के साथ मानवीय समझ और सावधानी भी जरूरी

तृतीय सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ देवेंद्र चाफेकर विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विज्ञान, सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय नवापारा राजिम ने गुणवत्ता पूर्ण शोध में एआई - संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर कहा कि एआई शोध में बड़े डेटा को जल्दी पढ़ने और समझने में मदद करता है। यह पैटर्न और महत्वपूर्ण जानकारी ढूंढने में सहायक होता है। इससे शोधकर्ताओं का समय और मेहनत कम लगती है। लेकिन कभी-कभी एआई डेटा को सही संदर्भ में नहीं समझ पाता। इसमें एल्गोरिथ्म के कारण पक्षपात होने की संभावना रहती है। गोपनीयता और नैतिकता से जुड़ी चिंताएं भी हो सकती हैं। इसलिए एआई के साथ मानवीय समझ और सावधानी भी जरूरी है। एआई टूल्स डाटा एनालिसिस रिसर्च कंटेंट के लिए बहुत सी सुविधाएं प्रदान करता है परंतु इनका सही तरीके से उपयोग करना जरूरी है। तृतीय सत्र में उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा फीडबैक दिया गया।

### महतारी वंदन योजना से मिली नई राह, गीतांजलि बनी आत्मनिर्भर

**महासमुंद।** राज्य शासन की महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही है। महासमुंद जिले में महतारी वंदन योजना से 3 लाख 27 हजार महिलाएं लाभान्वित हो रही है। इस योजना से प्रेरित होकर सरायपाली विकासखंड के ग्राम डुमरपाली की निवासी गीतांजली कुमार ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है। गीतांजलि कुमार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से हैं और पहले घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए छोटे-मोटे काम करती थीं। उनका सपना था कि वे बुनकरी का काम शुरू करें, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे बुनकर मशीन खरीदने में असमर्थ थीं। तभी महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें हर माह मिलने वाली सहायता राशि ने उनके जीवन में बदलाव की शुरुआत की। गीतांजलि ने इस राशि को बचत कर एक बुनकर मशीन खरीदी और अपने गांव की महिलाओं के लिए सूती साड़ियों का निर्माण शुरू किया। आज उनका यह छोटा सा प्रयास एक छोटे व्यवसाय के रूप में विकसित हो चुका है। बुनकरी के इस कार्य से उन्हें लगभग 5000 रुपये प्रतिमाह की आय होने लगी है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। गीतांजलि बताती हैं कि इस योजना ने उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया है।

## ढालम में 13 मार्च से गूंजेंगे हर-हर महादेव के जयकारे

**शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूर्ण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

निकटवर्ती ग्राम ढालम में 13 मार्च से 16 मार्च 2026 तक नवनिर्मित शिव मंदिर का भव्य 'प्राण प्रतिष्ठा' महोत्सव आयोजित होगा। चार दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में पूजा-अर्चना के साथ-साथ प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पंडित क्षेत्रपाल देवता महाराज (गौरटेक वाले) होंगे। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 13 मार्च (शुक्रवार) को दोपहर 3 बजे कलश स्थापना और पूजा आरंभ के साथ होगा।



14 मार्च (शनिवार) को स्तंभ, तोरण, द्वार पूजन, अग्नि स्थापना और धान्याभिषेक संपन्न होगा। 15 मार्च (रविवार) को मुख्य आयोजन होगा, जिसमें विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा, हवन, भव्य नगर भ्रमण और भगवान शिव की 'विवाह बारात' निकाली जाएगी। 16 मार्च (सोमवार) को महोत्सव के अंतिम दिन मंदिर न्यास और शिखर कलश स्थापना के साथ विग्रह प्रवेश कराया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ ग्रामीणों के मनोरंजन और भक्ति रस के लिए प्रतिदिन रात्रि में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसमें सद्गुरीहा लड़की पार्टी, जय मां बंजारी गम्मत नाच पार्टी (ढालम) और 'मोर गवाई के हिरा' गम्मत नाच पार्टी (जेवरा) अपनी प्रस्तुति देंगे। मानस गान का विशेष आकर्षण के तहत 15 मार्च की रात्रि को क्षेत्र की प्रसिद्ध मानस मंडलियों के बीच भक्तिमय मुकाबला होगा। इसमें अराधना बालिका मानस मंडली (बालोद), सोनम मानस मंडली (खोखसा), कृति मानस मंडली (बेहरापाली) और रजनी मानस मंडली (सारंगढ़) अपनी गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी, महोत्सव के दौरान प्रतिदिन मीना बाजार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। समस्त ग्रामवासी और आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार इष्ट मित्रों सहित इस पुण्य आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है। बच्चों की टोली ने भी बड़े उत्साह के साथ 'भोले बाबा की शादी' में आने का न्योता दिया है।

## पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन के लिए हुई बैठक



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन कार्यक्रम के लिए बैठक आयोजित किया गया। खरोरा में रामनवमी के पावन अवसर पर पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन कार्यक्रम 42वां वर्ष से हो रहा है। रामायण मंडली के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि इस वर्ष भी पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन ग्राम खरोरा के गुडी चौक में 27 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक होगा। इस बैठक में जय बजरंगबली मानस मंडली एवं गायत्री मानस मंडली के सदस्य रामायण के बारे में चर्चा किया गया। इस दौरान जय बजरंगबली मंडली के अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, सचिव परमानंद चंद्राकर, कोषाध्यक्ष लता चंद्राकर, गायत्री मानस मंडली अध्यक्ष संतोषी चंद्राकर, उपाध्यक्ष कलेंद्री चंद्राकर, सचिव कुमारी बाई चंद्राकर, सदस्य मोतीराम, गजाधर, ज्ञानिक, नरेश, भूषण, ग्रामीण उपस्थित थे।

### महतारी वंदन योजना से बेटी के उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम



**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल है। इस योजना का लाभ लेकर ग्राम छिंदपाली की निवासी श्रीमती सिंधुसुता बारीक ने अपनी बेटी ख्याति बारीक के लिए सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी है। सिंधुसुता बारीक को मार्च 2024 से महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 24,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त राशि को उन्होंने खर्च करने के बजाय बचत के रूप में सुरक्षित रखा। अपनी बेटी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने दिसंबर 2025 में नजदीकी डाकघर में सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खुलवाया। वर्तमान में श्रीमती बारीक अपनी बेटी ख्याति के खाते में प्रतिमाह 1,000 रुपये जमा कर रही हैं। इस प्रकार एक वर्ष में 12,000 रुपये की बचत बेटी के खाते में जमा हो रही है। यह बचत भविष्य में बेटी की उच्च शिक्षा, आवश्यकताओं और आर्थिक सुरक्षा के लिए सहायक सिद्ध होगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर बेमचा में धूमधाम से मनाई गई होली, बच्चों को दिए गए सनातन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बच्चों को बताई गई सनातन परंपराएं गुलाल लगाकर दी गई शुभकामनाएं

स्थानीय शिक्षण संस्थान मां सरस्वती विद्या मंदिर, बेमचा में होली का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में रंगों के साथ-साथ बच्चों को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं की जानकारी भी दी गई।



कार्यक्रम के दौरान छात्रों को होली के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज चंद्राकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत और आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी सनातन परंपराओं से जोड़ना और उन्हें आत्मसात कराना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर शिक्षकगण सुनीता ध्रुव, सीता कोसरे, ममता साहू, रूपाली चंद्राकर, प्रेमलता निर्मलकर, योगिता सेन एवं प्रियंका निर्मलकर सहित विद्यालय के सभी स्टाफ और बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और उत्साहपूर्वक पर्व मनाया।

# वृंदावन में वार्षिक खेलकूद, पुरस्कार वितरण एवं होली मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों के सम्मान व होली उत्सव का कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर वर्षा चंद्राकर के द्वारा मां शारदा व भगवान कृष्ण की मूर्ति समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस वर्ष का खेल दिवस विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच साबित हुआ। पुरस्कार वितरण के दौरान कक्षा नर्सरी से 10वीं तक के छात्रों को 100 मी. रेस, सैक रेस, स्पून रेस, म्यूज़िकल चेयर, रोप-स्किपिंग, कबड्डी, खो-




खो, रोप पुलिंग, क्रिकेट और अन्य एथलेटिक प्रतियोगिताओं में बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक, प्रमाण पत्र और ट्रॉफियां प्रदान की गईं। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने सभी प्रतिभागियों व विजयी छात्रों के प्रयासों की सराहना की, तथा खेल को जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बताया, जो अनुशासन और टीम भावना सिखाता है। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए परिश्रम व अनुशासन को ही सफलता की कुंजी बताया, तथा बच्चों को होली त्यौहार से जुड़े कुछ पौराणिक कथाओं का वर्णन करते हुए बधाईयाँ दीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रांगण में बड़े धूमधाम व उत्साहपूर्वक फूलों व रंगों की होली खेली गई। इन अद्भुत रंगों व बच्चों की मुस्कान ने विद्यालय प्रांगण को खुशनुमा वातावरण बना दिया। कार्यक्रम के अंत में उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने सभी विद्यार्थी व शिक्षकगणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# 9 ग्राम पाउडर के साथ पकड़े गए 4 बिना कार्रवाई छूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पाउडर जहां से मिला वह युवक फरार, शहर के 4 लोगों पर कार्रवाई तक नही

शहर में शराब और गांजा के साथ अब ड्रग्स का नशा भी पैर पसार रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस ने रविवार देर रात करीबन 1.30 बजे गंजपारा क्षेत्र से 4 लोगों को एक कार में सफेद पाउडर के साथ पकड़ा। जिसका वजन तकरीबन 9 ग्राम बताया जा रहा है और इसकी कीमत तकरीबन 45 हजार रुपए आंकी गई है।



मामले में पुलिस ने कार को अभिरक्षा में रखा 4 दिन तक आरोपियों से पूछताछ की और पुलिस अफसर लगातार इस मामले में संबंधितों पर कार्रवाई की बात करते रहे फिर अचानक इसे पुलिस द्वारा नशीला पदार्थ होने से ही इनकार किया जाने लगा। मामले में पुलिस ने कार को अब भी अभिरक्षा में रखा हुआ है और इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं कि डॉक्टर के सिंबॉल लगी कार में तौल करने वाले मशीन का क्या काम? युवकों की पिछले 5 दिनों से रोज पुलिस अफसरों के सामने पेशी हो रही है लेकिन, मामले में अब तक न तो कोई मामला दर्ज हुआ है और न ही कोई ठोस कार्रवाई हो पाई। इसके चलते पकड़े गए युवकों के हौसले बुलंदी पर हैं। लोगों की मानें तो अगर मामला कुछ नहीं तो पिछले 5 दिनों से इन युवकों और उनके परिजनों को पुलिस का बुलावा क्यों आता रहा। वहीं जिस कार को दबोचा गया उसे अब तक क्यों नही छोड़ा गया है। बता दें कि युवकों द्वारा लोगों को कुछ आंकड़े लोगों के सामने पेश किए जा रहे हैं। जिसे देने के बाद युवकों का सरेआम यह दावा है कि अब उन पर कोई कार्रवाई नही होगी। मामले की जानकारी लेने पर एएसपी प्रतिभा पांडेय का कहना है कि मामले में युवकों से पूछताछ की गई। इनसे 9 ग्राम पाउडर मिला। जिसकी जांच कराई जा रही है। वहीं एक कार भी जब्त की गई है। युवकों से मिली जानकारी के अनुसार यह पाउडर उन्हें ओडिशा सीमा के पास के गांव के एक युवक ने उपलब्ध कराई थी। लेकिन, अब वह फरार है। मामले में जल्द ही कार्रवाई होगी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ियों का सम्मान

**रायपुर।** रायपुर कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में विद्यालय की संचालिका स्व. जया कसार की स्मृति में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में अनिशा टिरकी (हॉकी), हेमलता निषाद (खो-खो), प्रीति पटेल (खो-खो), प्राची चौबे (रेसलिंग व साफ्टबॉल), दिव्यानी सिया (बैडमिंटन तकनीकी अधिकारी व रेफरी) तथा चिरंजीवी साहू (योगा) शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. जया कसार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव कमल कसार, आदित्य कसार, प्राचार्य डॉ. श्वेता वासनिक, रानी शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़ने और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### महतारी वंदन योजना से मिली नई राह, गीतांजलि बनी आत्मनिर्भर

**महासमुंद।** राज्य शासन की महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही है। महासमुंद जिले में महतारी वंदन योजना से 3 लाख 27 हजार महिलाएं लाभान्वित हो रही है। इस योजना से प्रेरित होकर सरायपाली विकासखंड के ग्राम डुमरपाली की निवासी गीतांजलि कुमार ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है। गीतांजलि कुमार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से हैं और पहले घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए छोटे-मोटे काम करती थीं। उनका सपना था कि वे बुनकरी का काम शुरू करें, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे बुनकर मशीन खरीदने में असमर्थ थीं। तभी महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें हर माह मिलने वाली सहायता राशि ने उनके जीवन में बदलाव की शुरुआत की। गीतांजलि ने इस राशि को बचत कर एक बुनकर मशीन खरीदी और अपने गांव की महिलाओं के लिए सूती साड़ियों का निर्माण शुरू किया।

### कक्षा चौथी के बच्चों ने कक्षा पांचवीं को कापी व पेन देकर किया सम्मानित

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव में कक्षा पांचवीं के बच्चों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती व भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके पश्चात बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लेखराम चक्रधारी, सरपंच प्रतिनिधि नँदनीजवाहर ध्रुव व शिक्षक करन अनंत ने संबोधित किया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं व बच्चों को कापी व पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका लेखनी साहू, प्रतिमा मेश्राम, शिल्पा वर्मा, लगनी निषाद, निर्मला निषाद, गोदावरी निषाद सहित अन्य महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। वही कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई।

## पेज 11 के शेष

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस ...

को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, एक वर्ष में अधिकतम कार्यदिवस पर उपस्थित महिला कर्मचारी, वरिष्ठ महिला कर्मचारी, नेतृत्व के आधार पर, तीन वर्ष के एसीआर के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले महिला कर्मचारियों को विशेष स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### साहू समाज ने...

परिक्षेत्र उपाध्यक्ष सुमन साहू, हथबंद परिक्षेत्र उपाध्यक्ष सुखराम साहू, हथबंद परिक्षेत्र संगठन सचिव भुनेश्वरी साहू सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक एवं सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर समाज के विकास, सामाजिक एकता और परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## होली मिलन : फाग गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर झूमे अधिकारी-कर्मचारी

# अधिकारी-कर्मचारियों के होली मिलन में दिखा आपसी सौहार्द्र और भाईचारे का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शुक्रवार को पलारी ब्लॉक के सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का होली मिलन समारोह स्थानीय शिक्षक सदन में हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी साथियों के बीच आपसी भाईचारा बढ़ाना और होली के विविध रंगों में सराबोर होकर एकता का संदेश देना था। होली मिलन समारोह का आयोजन कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पलारी प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ एवं समस्त शिक्षक संवर्ग ब्लॉक इकाई पलारी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में प्रशासन और विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने शिरकत की। मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षाधिकारी नरेश वर्मा एवं खंड चिकित्सा अधिकारी पंकज वर्मा उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों की इस सहभागिता ने कर्मचारियों का उत्साह दोगुना कर दिया। अधिकारियों के साथ-साथ इस समारोह में प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ प्रांताध्यक्ष चेतन बघेल, मुन्नालाल मनहरे प्रदेश कोषाध्यक्ष जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल, रमेश नेगी जिला प्रवक्ता मनोज रत्नाकर बलौदाबाजार अध्यक्ष कैलाश चौधरी, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन संरक्षक मंतराम वर्मा, देवेंद्र साहू ब्लॉक संयोजक छग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन पलारी, प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ ब्लॉक अध्यक्ष पलारी अभिषेक महोबे, छग समन्वयक संघ प्रांताध्यक्ष विक्रम रॉय, सचिव संघ अध्यक्ष चूरामणि साहू और स्वास्थ्य संयोजक संघ अध्यक्ष डिगेंद्र वर्मा, प्रगतिशील सतनामी समाज मोहन बंजारे, छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के राजप्रधान रामखिलावन वर्मा सहित पलारी ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए।



समारोह में बीइओ नरेश वर्मा और शिक्षक छन्नू ध्रुव की नगाड़े की थाप से पूरा वातावरण होलीमय हो गया।राजेश कन्नौजे प्रकाश कुमार सेन कृष्ण कुमार फेकर ने होली गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मातृशक्ति ने भी इसमें पूरा सहयोग दिया। प्रथम बंदव गणपति ल, मुख मुरली बजाये जैसे फाग गीत एवं होली खेले रघुवीरा अवध में, रंग बरसे भींगे चुनर वाली सहित कई गीतों पर अधिकारी कर्मचारी झूमते रहे।

इस अवसर पर कविता सरसीहा, गौरी भारद्वाज, क्रांति कौशिक, अन्नपूर्णा ध्रुव, ऊषा वर्मा, दुलारी जायसवाल, आराधना वर्मा, संध्या पैकरा, किरण ठाकुर, ईश्वरचंद विद्यासागर, विश्वनाथ मांडले, दयाराम ध्रुव, मोतीराम फेकर, दीपेश वर्मा, सरोज साहू, मुन्नालाल ध्रुव, अजित चन्द्राकर, पोखन जायसवाल, भानु ध्रुव, छन्नू वर्मा, अमित साहू, राजकुमार साहू, घनश्याम वर्मा, रुपेश चन्द्राकर, ईश्वर लाल साहू, दाऊलाल बाँधे, थानसेन कुर्रे, दिनेश ठाकुर, सुकदेव पैकरा, रोमेश चंद्र खोटे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### शहर व ग्रामीण क्षेत्र में दो दिनों तक मनाई गई होली



**खरोरा।** होली पर्व को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास का माहौल नजर आया। होली पर्व की खुमारी दो दिनों तक क्षेत्र में नजर आई। सोमवार की रात होलिका दहन करने के पश्चात होली खेलने का दौर शुरू हुआ। इसके पश्चात अगली सुबह होली की खुमारी पूरे शबाब पर रही। सुबह से ही बच्चों की टोली रंग गुलाल व पिचकारी लेकर निकली। एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर जमकर होली खेली गई। युवा वर्ग नंगाड़ा की थाप पर फाग गीत गाते हुए जमकर थिरकते नजर आये। खरोरा सहित प्रदेश में धूमधाम से बुरा ना मानो होली है होली का त्यौहार मनाया गया।



### नगर पंचायत में होली की रही धूम

**लवन।** नगर पंचायत के वार्ड 6 में रंगों का त्यौहार होली के पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। वार्ड पार्षद हरप्रसाद बार्वे के निवास के सामने महिलाएं एक दूसरे को रंग लगाकर बधाई दी। सुबह से ही वार्डवासियों के चेहरे में उमंग देखते बन रहा था। छोटे छोटे बच्चों ने गली मोहल्लों में भी होली की धूम मचाई और फिल्मी गानों पर थिरकते दिखे और होली के रंगों में होली, रंग रसिया, बलम पिचकारी, रंग बरसे, जैसे होली गीतों का दिन भर दौर चला। मंगलवार को चंद्र ग्रहण होने के कारण नगर में लोगों ने होली नहीं मनायी, इसलिए बुधवार को इसका दोगुना उत्साह देखा गया। होली पर डीजे प्रतिबंधित होने के कारण युवाओं ने छोटे साउंड बॉक्स पर लोकगीत बजाकर जमकर डांस किया। दिन भर रंग खेलने के बाद शाम को लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर उन्हें गले लगाया।





### साहू समाज के होली मिलन में उड़े रंग-गुलाल

**भाटापारा।** तहसील साहू समाज के तत्वावधान में साहू छात्रावास में विधायक इन्द्र साव की उपस्थिति में होली मिलन समारोह हुआ। इस अवसर पर सभी सामाजिकजनों को गुलाल लगाकर विधायक ने बधाई दी।उन्होंने कहा कि मन का मेल दूर करने वाला यह पर्व आपसी भाईचारे को मजबूत करता है। होली सिर्फ रंगों का यह त्यौहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसर भी है। विधायक श्री साव ने सभी से आपसी मेल जोल बनाए रखने की अपील भी की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने आगामी दिनों में भक्तमाता कर्मा जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय भी लिया। साहू छात्रावास में होली मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को हुआ, जिसमें विशेष रूप से उपस्थित विधायक इन्द्र साव ने सभी लोगों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि बुराई पर अच्छाई का प्रतीक यह त्यौहार हमें आपसी विवादों को दूर कर आपसी भाई चारे को बढ़ाने वाला है। होली मिलन समारोह में जिला, तहसील और नगर साहू समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक लोग शामिल हुए ।

## सेवा केंद्र में होली स्नेह सम्मेलन हुआ

**हिरमी-रावन।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, हिरमी सेवा केंद्र में होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाई-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आध्यात्मिक मूल्यों के साथ होली का पर्व मनाया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी नमिता दीदी ने उपस्थित जनसमूह को होली के शब्दार्थिक और आध्यात्मिक ज्ञान से अवगत कराया। उन्होंने होली शब्द की व्याख्या करते हुए तीन मुख्य अर्थ बताए : हो ली (बीती सो बीती) जो बीत गया उसे भुलाकर सकारात्मक भविष्य की ओर बढ़ना ही सच्ची होली है। होली (मैं भगवान की हो ली) स्वयं को परमात्मा के प्रति समर्पित कर देना




और उनकी याद के रंग में रंग जाना। होली अर्थात पवित्रता को जीवन में धारण करना और विकारों का त्याग करना। ज्ञान की अनुभूति और सौहार्द नमिता दीदी ने कहा कि स्थूल रंगों से शरीर रंगता है, लेकिन ईश्वरीय ज्ञान के रंग से आत्मा रंगती है। जब आत्मा परमात्मा के प्रेम और ज्ञान के रंग में रंग जाती है, तब जीवन में सच्चा सुख और शांति आती है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत हिरमी कि महिला पंचगण लक्ष्मी सिन्हा, गरीबीन ध्रुव, संगीता भारती, नीरा भारती, भानु कोशले, ज्ञानोदय स्कूल के शिक्षक दिलेश्वर मढ़रिया, रमा मैडम, कांति वर्मा सहित आस पड़ोस के लोग उपस्थित रहे।

## जामा मस्जिद में रमजान की रौनक तरावीह की नमाज में जुट रहे रोजेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान शरीफ पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और इबादत के माहौल के साथ मनाया जा रहा है। हथबंद स्थित जामा मस्जिद में भी रमजान के अवसर पर विशेष नमाज तरावीह का आयोजन किया जा रहा है। तरावीह की नमाज अदा कराने के लिए रायपुर मदरसा से हाफिज शहनवाज आलम तशरीफ लाए हैं, जिनकी अगुवाई में रोजाना बड़ी संख्या में अकीदतमंद नमाज अदा कर रहे हैं।



मुस्लिम समाज के संरक्षक मुबारक हुसैन ने बताया कि वर्ष 1996 में जामा मस्जिद हथबंद का निर्माण किया गया था। तब से लेकर आज तक यहां इस्लाम धर्म से जुड़ी सभी धार्मिक गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जाती रही हैं। रमजान के इस पाक महीने में क्षेत्र के मुस्लिम समाज के लोग पूरे अनुशासन और श्रद्धा के साथ इस्लाम के प्रमुख अरकान जैसे रोजा, नमाज, जकात, फितरा, सहरी और इफ्तार का पालन कर रहे हैं। रमजान के अवसर पर समाज के नवयुवकों ने जामा मस्जिद को आकर्षक लाइट और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया है, जिससे मस्जिद की रौनक और भी बढ़ गई है। हर शाम इफ्तार के समय मस्जिद और आसपास का माहौल धार्मिक आस्था और भाईचारे की मिसाल पेश करता है। रमजान के इस पावन अवसर पर लोग अल्लाह की इबादत में जुटे हुए हैं और क्षेत्र में आपसी सद्भाव तथा भाईचारे का वातावरण बना हुआ है ।

## चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले दो युवक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने शहर में दहशत फैलाने के इरादे से चाकू लहराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना महासमुंद द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत की गई है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि नयापारा क्षेत्र में कुछ लोग धारदार हथियार लेकर आम जनता को डरा-धमका रहे हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी पहली कार्रवाई 6 मार्च को हुई पुलिस को सूचना मिली कि तारिणी मंदिर नयापारा के पास एक व्यक्ति चाकू दिखाकर लोगों को डरा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर मो. इलियास खान 31 वर्ष, निवासी संजय नगर को रंगे हाथों पकड़ा। उसके पास से एक चाकू बरामद किया गया और थाना महासमुंद में अपराध क्रमांक 111/2026 दर्ज किया गया। दूसरी कार्रवाई 7 मार्च को हुई है कि पुलिस को गौसिया मस्जिद नयापारा के पास एक अन्य व्यक्ति के चाकू लहराने की खबर मिली। कोतवाली स्टाफ ने मौके पर पहुचकर दीपक देवांगन 30 वर्ष, निवासी नयापारा को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से भी एक धारदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी की और आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## महतारी वंदन योजना से मीनाक्षी की संवरी गृहस्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के ग्राम बम्हनमुड़ी निवासी मीनाक्षी जोशी के लिए प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना संबल बनकर उभरी है। हर माह उनके खाते में आने वाली एक हजार रुपए की सहायता राशि ने न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारा है, बल्कि परिवार की छोटी-छोटी दैनिक आवश्यकताओं को बिना किसी चिंता के पूरा करने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। मीनाक्षी के पति भूपेंद्र जोशी एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में कार्य करते हैं, जिनसे होने वाली सीमित आय में दो छोटे बच्चों तीन वर्षीय पुत्री और एक वर्षीय पुत्र के साथ परिवार का भरण-पोषण करना एक बड़ी चुनौती थी। घर की आर्थिक स्थिति बेहतर न होने के कारण छोटी-बड़ी घरेलू जरूरतों के लिए अक्सर समझौता करना पड़ता था, लेकिन इस योजना ने उनकी राह आसान कर दी है। मीनाक्षी बताती हैं कि इस योजना के लाभ से मीनाक्षी के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आया है। उनका मानना है कि महतारी वंदन योजना केवल एक वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उन्हें सम्मान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नियमित रूप से मिलने वाली इस राशि से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अब खुद को पहले से अधिक आर्थिक रूप से सशक्त महसूस कर रही हैं। मीनाक्षी ने महिलाओं के हितों का ध्यान रखने और उन्हें यह मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि यह योजना उनके जैसे मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, जिसने घर की खुशहाली में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



## गांजा तस्करी में पुलिस आरक्षक संलिप्त विभाग ने दर्ज किया मामला

**महासमुंद।** जिले में पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक गंभीर मामला सामने आया है। सांकरा थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस विभाग के ही एक आरक्षक का नाम सामने आने से विभाग में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने अपने ही विभाग के आरक्षक पीयूष शर्मा और उनके एक साथी धर्मेंद्र सोनी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज किया है। पूरी घटना 3 मार्च की है, जब सांकरा थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने ओडिशा के अखराभांटा निवासी धर्मेंद्र सोनी को पकड़ा। जब पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र सोनी से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने तस्करी के इस नेटवर्क में आरक्षक पीयूष शर्मा के शामिल होने की जानकारी दी। साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने पाया कि आरक्षक पीयूष शर्मा इस अवैध कारोबार में सीधे तौर पर जुड़ा हुआ था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आरक्षक पीयूष शर्मा की गतिविधियां पिछले कुछ समय से संदिग्ध लग रही थीं। इसी कारण पुलिस अधीक्षक ने अनुशासनहीनता और संदिग्ध आचरण को देखते हुए 2 मार्च को ही उसे निलंबित कर दिया था। निलंबन के ठीक अगले दिन, यानी 3 मार्च को जांच में यह स्पष्ट हो गया कि वह गांजा तस्करी के गिरोह का हिस्सा था। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए धर्मेंद्र सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, आरोपी आरक्षक पीयूष शर्मा वर्तमान में फरार है। पुलिस की अलग-अलग टीमें उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
06 मार्च 2026
SHOW TIME
मुरली (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00 PM
सुपर हीरोस हिन्दी
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# संयंत्र ने 7 प्राथमिक स्कूलों को दिए 275 बेंच और डेस्क सेट

## जमीन पर बैठकर पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मिली बेहतर सुविध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा सरसेनी विद्यालय में 50 सेट, छिराही विद्यालय में 65 सेट, तिल्दाबांधा विद्यालय में 40 सेट, पड़कीडीह विद्यालय में 40 सेट, रवेली प्रा विद्यालय में 30 सेट, खपराडीह विद्यालय में 35 सेट तथा गुमा विद्यालय में 15 सेट बेंच-डेस्क प्रदान किए गए। इस प्रकार कुल 7 विद्यालयों में 275 बेंच-डेस्क सेट वितरित किए गए। पूर्व में इन विद्यालयों में अधिकांश विद्यार्थी जमीन पर बैठकर अध्ययन करते थे, इस स्थिति को देखते हुए अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा विद्यार्थियों को आरामदायक बेंच डेस्क उपलब्ध कराए गए, जिससे अब उन्हें बेहतर वातावरण में बैठकर पढ़ाई करने का अवसर प्राप्त होगा। यह पहल संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार, मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री एवं प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा के मार्गदर्शन तथा विशेष प्रयास सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय के द्वारा परियोजना को संपादित किया गया। इस अवसर पर सरसेनी विद्यालय के प्रधान पाठक माधव प्रसाद वर्मा, छिराही के प्रधान पाठक सुरेश कुमार निषाद तिल्दाबांधा के प्रधान पाठक घनश्याम दास जांगड़े, पड़कीडीह के मोहित कुमार निषाद, रवेली की विमला साहू, खपराडीह के लुकेश्वर प्रसाद साहू तथा गुमा की लक्ष्मी साहू सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।








### 1054 विद्यार्थियों को मिली सुविधा

ज्ञातव्य हो कि पूर्व में भी अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा 203 बेंच और डेस्क सेट वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें रावन विद्यालय में 26 सेट, झीपन विद्यालय में 35 सेट, गुमा विद्यालय में 44 सेट, पेन्ड्री विद्यालय में 50 सेट तथा चुचरुंगपुर विद्यालय में 48 सेट शामिल हैं। इस प्रकार अब तक कार्यक्षेत्र के 15 गाँवों में से 11 प्राथमिक विद्यालयों में कुल 478 बेंच-डेस्क सेट प्रदान किए जा चुके हैं। इन 11 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में कुल 1054 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिन्हें अब बेंच-डेस्क पर बैठकर पढ़ाई करने की सुविधा प्राप्त होगी।

## खबर संक्षेप



### कठिया में पांच दिवसीय रामायण जारी

**खरोरा**। समीप ग्राम कठिया में इस वर्ष भी अखंड पांच दिवसीय रामायण 5 से 10 मार्च तक आदर्श रामायण मंडली व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से जारी है। मानस मंडली को प्रोत्साहन स्वरूप 700 रूपए, श्री हनुमान चालीसा, श्री फल दिया जा रहा है। इनके साथ ही साथ नकटी कुम्हारी, भरुवाडीह कला, पचदेवरी-परसवानी में भी श्री मानस गान का आयोजन किया गया है।

### टोनाटार में आज से सात दिवसीय रामायण का शुभारंभ

**अर्जुनी**। यहां से महज 4 किलोमीटर दूर शहीद धनंजय वर्मा गृह गांव टोनाटार में इस वर्ष भी 8 से 15 मार्च रविवार तक सात दिवसीय रामायण का आयोजन रखा गया है। सात दिवसीय रामायण समारोह का रविवार को शाम 4 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष लेखराम वर्मा मंच संचालक नारंतक यादव ने बताया कि रामायण समारोह में प्रत्येक मानस मंडली को 751 रूपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जिसमें चार सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। वहीं सुबह 11 से रात्रि 12 बजे तक ही प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। 15 मार्च रविवार को सात दिवसीय रामायण समारोह का समापन सहस्त्रधारा के साथ होगा।

### नहरडीह में तीन दिवसीय रामायण 15 से

**खरोरा**। समीपस्थ ग्राम पंचायत नहरडीह में 15 से 18 मार्च के बीच तीन दिवसीय रामायण का आयोजन किया जा रहा है। आयोजककर्ता समस्त ग्रामवासी नहरडीह है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रत्येक टोली को 1030 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रतिदिन प्रथम मंचस्थ टोली को जय मां अम्बे सेवा समिति नहरडीह द्वारा 101 रुपए व साहू समाज नहरडीह द्वारा 101 रुपए और प्रतिदिन संध्या आरती बाद मंचस्थ टोली को साहू समाज नहरडीह द्वारा 51 रुपए व जय मां अम्बे सेवा समिति नहरडीह द्वारा 101 रुपए बशर्ते टोली में कम से कम 5 सदस्य होना अनिवार्य हैं। प्रत्येक मंडली के लिए 1 घंटा निर्धारित है। उपस्थिति दर्ज कराने के लिए संचालक के पास फार्म प्राप्त करें। फार्म जमा करने पर ही टोली मान्य की जावेगी।

### शराब के नशे में दोस्त पर किया जानलेवा हमला

**रायपुर**। देवेंद्र नगर थाने में एक युवक ने अपने तीन अन्य साथियों के खिलाफ शराब के नशे में उस पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लोधीपारा निवासी प्रेमचंद झरिया ने चंदन शाह तथा दो अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

## समिति सदस्य व विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अभियान में निभाई सक्रिय भूमिका

# जंगलों को आग से बचाने गांवों में निकली बाइक रैली, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






वनों को अग्नि से सुरक्षित रखने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए बलौदाबाजार वनमंडल के देवपुर परिक्षेत्र में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशन में 7 मार्च को एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों और विद्यार्थियों को वनाग्नि के खतरों के प्रति सचेत करना था।

बाइक रैली के माध्यम से परिवृत्त देवपुर के अंतर्गत ग्राम देवपुर, तेंदुचुवा, धमलपुरा, कोसमसरा, पकरीद, गिधपुरी, मेटकुला, कुरकुटी एवं नवाडीह में ग्रामीणों एवं स्कूली विद्यार्थियों को वन अग्नि से बचाव के संबंध में जागरूक किया। इस दौरान बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को जंगलों में आग न लगाने, जंगल से लगे खेतों में पराली न जलाने, महुआ संग्रहण के समय आग न लगाकर झाड़ू से साफ कर महुआ बिनने, ज्वलनशील वस्तुएं लेकर जंगल में प्रवेश न करने तथा जंगल में आग की घटना होने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वन अग्नि से पर्यावरण, वन्यजीवों एवं वन संपदा को होने वाली क्षति के बारे में भी बताया गया।

इस जन जागरूकता रैली का संचालन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर संतोष कुमार पैकरा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें चंद्रहास ठाकुर आरएॅफओ की उपस्थिति रही। रैली में परिवृत्त देवपुर के अजीत ध्रुव बीएॅफओ, अनिल साहू बीएॅफओ, गुरबारी बघेल बीएॅफओ, शोभसिंह बीएॅफओ, रामेश्वर साहू सहित समस्त फायर वाचर, समिति सुरक्षा श्रमिक, वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से आए छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। वन विभाग द्वारा इस अवसर पर ग्रामीणों से अपील की गई कि वे वन अग्नि रोकथाम में सहयोग करते हुए जंगलों की सुरक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि वन संपदा एवं वन्यजीवों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# मोतीपुर में भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलशयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम मोतीपुर के राधाकृष्ण महिला समूह के तत्वावधान में 7 से 15 मार्च तक चलने वाले संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कीर्तन मण्डली के साथ मधुर भजन कीर्तन गाते हुये गांव की सभी माताओं एवं बहने पुरे उल्लास के साथ पावन यज्ञ की कलश यात्रा में सम्मिलित हुईं।

ग्राम की प्रमुख देवी महामाया की पूजा अर्चना के साथ पवित्र जोक नदी मे वरुण देव की पूजा के साथ कलश में जल लेकर सभी यज्ञ मंडप में पहुंचे। उसके बाद देव आवाहन वेदी पूजन के बाद प्रथम दिवस की भागवत महात्म्य की कथा आचार्य पं. कीर्तिकुमार पाण्डेय ने सभी को श्रवण कराई, जिसमें भागवत कथा की महिमा भक्ति ज्ञान वैराग्य प्रसंग के साथ गोकर्ण की कथा से धुंधकारी जैसे प्रेत की मोक्ष की कथा का वर्णन किया गया। कथा के आयोजक समिति एवं मुख्य यजमान गुलापा दयाराम वर्मा एवं मीना दीपचरण कैवर्त्य पूर्व सरपंच मोतीपुर एवं धजाबाई धनीराम श्रीवास, लक्ष्मी पालकराम वर्मा है साथ ही समिति मे मुख्य रूप से गंगाबाई कैवर्त अध्यक्ष, दरस बाई साहू सचिव, दिनेश्वरी साहू उपाध्यक्ष, पार्वती ध्रुव वर्तमान सरपंच, सत्यवती वर्मा, राजकुमारी कैवर्त्य, शिववरात्रि कर्ष, नंदनी साहू, रिद्धि कैवर्त्य, पार्वती कैवर्त्य, दुर्गेशवरी साहू, मीनाक्षी कैवर्त्य, अमरीका कैवर्त्य, शकुंतला कर्ष, पूर्णिमा साहू, अनीता साहू, विमेश्वरी साहू, राजकुमारी कैवर्त्य, गोमती वैष्णव, पूनम साहू, अनुसूईया कैवर्त्य, वृहस्पति कैवर्त्य, सुनी बाई साहू, चमेली कर्ष, दरस बाई कैवर्त्य, निर्मला वर्मा, पद्मिनी एवं लता है। ये कथा 7 से 15 मार्च तक ग्राम मोतीपुर गुड़ी चौक मे सुबह 9 से 12 एवं शाम 3.30 बजे से 7 बजे तक संपन्न होंगी।

# पूर्व माध्यमिक शाला में आठवीं के छात्रों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



अहिल्दा के पूर्व माध्यमिक के छात्र-छात्राओं ने आठवीं के छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लवन भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेई, विशिष्ट अतिथि विजय यादव, भाजपा जिला महामंत्री विकासखंड बलौदाबाजार गौ सेवा आयोग अध्यक्ष केशव मिश्रा, सरपंच अहिल्दा फुलिया अशोक धृतलहरे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डागेश्वर मानिकपुरी, उपाध्यक्ष रवि घृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि हाई स्कूल अंकित साहू, पूर्व गौठान अध्यक्ष मुरली साहू, सदस्य रामेश्वर निर्मलकर घुरुऊराम वर्मा, प्रधान पाठक,अरविंद कुमार मिश्रा, प्रधान पाठक चीचिरदा भीजराम वर्मा, संकुल समन्वयक सुशील सोनवानी, संकुल समन्वयक सरखोंर मनोज साहू, शिक्षिका शालिनी बाजपेई, शिक्षक विश्वनाथ कोसले, ईश्वर साहू एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं विजय यादव ने संबोधित करते हुए बच्चों को पढ़ाई में रुचि एवं अनुशासन का पालन करने की सीख दी। शाला में अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुरस्कार का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रमुख अरविंद कुमार मिश्रा ने किया।

### होली मिलन में फाग गीतों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पलारी के शिवम् कालोनी 10 वार्ड में महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में होली मिलन फूलों के द्वारा मनाया। नन्हे मुन्ने बच्चों को राधा कृष्ण का स्वरूप देकर पहले हनुमान चालीसा पाठ किया। उसके बाद भगवान का भक्तिमय भजन कीर्तन करके फाग गीत गाते हुए सभी महिलाएं बच्चे वृद्ध झूम उठे। साथ ही होली पकवान का भी आनंद लिए। मीना साहू ने संदेश दिया कि हमें प्रकृति से जुड़ें रहना है।

स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ऐसी खुशियां मनानी चाहिए कि किसी के आंख व त्वचा को नुकसान नहीं होने चाहिए। इस कार्यक्रम में तहसील प्रभारी हेमलता कन्नौज, योग शिक्षिका मधुरानी सरशिहा, उतरा पैकरा, बधयारिन साहू, खुमेशवरी वर्मा, धनेश्वरी, आदित्य, मंजू साहू, सरिता वर्मा, हेमलता वर्मा, संगीता वर्मा, पुष्पा फेकर, सीता देवांगन, उमेशवरी देवांगन, प्रगति तिवारी, सुनिता तिवारी, पूर्णिमा बघेल, कल्पना, पप्पी, सावित्री सेन, भूमि, गुनगुन, परी शामिल रहे।

# बच्चों ने गांव का सर्वे कर बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल/कसडोल



विकासखंड कसडोल के संकुल परसदा अंतर्गत प्राथमिक शाला नंदनिया में एक अनूठा बाल शोध मेला आयोजित किया गया। यहां कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों ने किताबी ज्ञान को धरातल पर उतारते हुए न केवल गांव का विस्तृत सर्वे किया, बल्कि प्रशासन के सामने गांव की ज्वलंत समस्याएं भी रखीं।

■ बाल शोध मेला में सरपंच ने समाधान का दिया भरोसा

9 समूहों में बंटे बच्चों ने दिसंबर से फरवरी तक आओ करें सर्वे प्रोजेक्ट के तहत घर-घर जाकर आंकड़े जुटाए। बच्चों की शोध रिपोर्ट के आधार पर सरपंच सत्य भावना यादव ने दो प्रमुख मांगों को तत्काल मंजूरी दी, जिसमें तालाब में पचरी व दीवार निर्माण, रंगमंच के पास शौचालय और नल व बोर के पास गंदगी रोकने के लिए सोखता गड्ढा बनाने पर विचार का आश्वासन।

इसके अलावा 9 समूह को 9 टॉपिक भी मिला था जिसके लिए चार रणनीति से खोज कार्य को अंजाम दिया गया था। पाठ्यपुस्तक का अध्ययन करना शिक्षकों से जानकारी पूछना जानकार पालक व ग्रामीणों से पूछना और होने आसपास के अनुभव को शामिल करना। इसके लिए एक समूह को पेड़ पौधे और पत्तियां मिट्टी के प्रकार पानी स्त्रोत कपड़ा तरह तरह के हमारे कामगार, मापन वजन दूरी और आयतन आकार और आकृतियाँ हमारे तीज त्यौहार पकवान के मजे पर प्रत्यक्ष सामग्री को संग्रहण किया गया ।पाठ के भीतर से 50 से अधिक सवाल बनाकर उसके उत्तर स्वयं से खोजे। चित्र बनाये और वस्तुओं को स्कूल में लाकर जमा किए। प्रधानपाठक वर्मा ने बताया कि इस प्रक्रिया से हमने तीसरी से पांचवी के दस चेप्टर को कवर किये। आज तक पाठ के अंतिम प्रश्न के उत्तर पर फोकस करते थे। इस प्रयास में हमारे बच्चे क्या, क्यों, कैसे, कब और कहां वाले प्रश्न बनाकर उसके उत्तर को खोजे और लिखे भी।

### बिना शिक्षक की मदद के खोजे 50 से अधिक सवालों के जवाब

प्रधान पाठक वर्मा ने बताया कि इस गतिविधि से तीसरी से पांचवीं तक के 10 चैप्टर कवर किए गए। बच्चों ने स्वयं क्या, क्यों, कैसे और कहां जैसे प्रश्न तैयार किए और उनके उत्तर खोजे। मेले में मिट्टी के प्रकार, जल स्रोत, पारंपरिक पकवान और माप-तौल जैसी वस्तुओं के स्टाल लगाए गए।

किसी भी उत्तर के लिए शिक्षको ने मदद नहीं किया। हां उसे व्यवस्थित करने में सहयोग किये। पर्याप्त स्टेशनरी उपलब्ध कराये। जिसमे चार्ट, फेविकोल और रंग बाकी सबकुछ जुगाड़ से संभव हो सका। जिसे बाल शोध मेला के रूप मे अलग अलग स्टाल बनाकर प्रस्तुत किये। इस दौरान जोन स्तर के स्कूल से 15 शिक्षक शामिल रहे। मिडिल स्कूल के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिये।

सरपंच सत्य भावना यादव, उपसरपंच नरसिंग यादव, पंच मोहिनी चौहान, सविता पैकरा, प्रमीला ध्रुव पालकों शिक्षकों और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किए। सभी को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समापन पालकों और बच्चों ने अपने पसंद के गीतों पर मांग करके डांस प्रदतुत किए।

## 14 मार्च की नेशनल लोक अदालत की दी जानकारी

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार-भाटापारा के मार्गदर्शन में 14 मार्च को आयोजित होने वाले विधिक जागरूकता शिविर एवं प्रकरणों के निपटारे को लेकर क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में 8 मार्च को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हथबंद थाना पुलिस द्वारा हथबंद स्थित सागर कंप्यूटर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस थाना हथबंद से पीएलवी अजय कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन, महिलाओं के अधिकार तथा अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने और कानून का पालन करने की अपील की गई।

पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को यह भी जानकारी दी गई कि 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार-भाटापारा में किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा। आम नागरिक अपने मामलों के समाधान के लिए इसमें शामिल हो सकते हैं।

इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक सागर साहू भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है, ताकि समाज में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

स्वामी जी 9340638884
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
भेंट द्वारिका, द्वारिकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुखमणी मंदिर, त्रयम्बकेश्वर, गोपी तालाब, सिरडी, शनि सिग्नापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थान
यात्रा दिनांक: 28 मार्च, 2026; 04 अप्रैल, 2026; 04 जून, 2026; 14 जून, 2026; 29 जुलाई, 2026
11 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ~~₹ 21,500/-~~ ऑफर ₹ 18,500/- 3AC ~~₹ 32,500/-~~ ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)